शीर्ष प्राथमिकता

संख्या– 04 /1–10–2016–12(34)/2003टी0सी0–1

प्रेषक,

मदन मोहन,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अम्बेडकर नगर, कानपुर देहात, इलाहाबाद, फैजाबाद, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, पीलीभीत, संत रविदासनगर, लखनऊ, देवरिया, महराजगंज, गोरखपुर, कन्नौज, औरैया, उन्नाव, मीरजापुर, सोनभद्र, अमेठी, जालौन एवं फतेहपुर।

राजस्व अनुभाग–10 लखनऊ : दिनॉक : 06 जनवरी, 2016

विषयः–अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से निःशुल्क कम्बल वितरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

वर्ष 2015–16 में अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से निःशुल्क कम्बल वितरण हेतु प्रति तहसील रू0 05.00 लाख एवं अलाव जलाये जाने हेतु प्रति तहसील रू0 50.00 हजार की धनराशि शासनादेश संख्या–1092/1–10–2014, दिनांक 04.11.2015 द्वारा सचिव एवं राहत आयुक्त, उ0प्र0 द्वारा स्वीकृत की गयी है।

2– उक्त शासनादेश दिनांक 04.11.2015 में मुख्य रूप से यह उल्लिखित किया गया था कि कम्बलों का वितरण दिनांक 10.12.2015 तक करा लिया जाय किन्तु आप द्वारा अभी तक कम्बल वितरण की कोई सूचना नहीं दी गयी है।

3– इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा की गयी अपेक्षा के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कम्बल वितरण एवं अलाव की व्यवस्था प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराते हुए प्रतिदिन की प्रगति की सूचना शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

( मदन मोहन )
अनु सचिव।